एक आवाज़, एक प्रयास

# LIBRA WELFARE SOCIETY

REGISTRATION NO.: 7690

# वार्षिक रिपोर्ट

## 2023 - 2024

अरपा रेडियो के कुछ लिब्रा वेलफयर सोसायटी रजिस्टारऑफिस से पंजीकृत गैर सरकारी संगठन के रूप मे **2008** से कार्य कर रहा है।

**नेत्रहीन बच्चों के लिये टॉकिंग बुक्स, मतदाता जागरूकता के लिये रेडियो कार्यक्रम, नुक्कड़ नाटक, बुजुर्गों के लिये डे केयर सेंटर का संचालन, महिलाओं, बुजुर्गों व बच्चों के लिये विभिन्न प्रकार की कार्यशालाओं का आयोजन, प्लास्टिक हटाओ अभियान, होली के रंगों के दुष्प्रभाव व हर्बल रंगों का निर्माण व प्रयोग, अपनी सुरक्षा अपने अधिकार श्रृंखला में महिला अधिकारों एवं सषक्तीकरण जैसे अभियानों का संचालन इस संस्थान द्वारा किया जा रहा है। कुपोषण की समस्या के लिये अपना भोजन स्वयं उगाने और पर्यावरण को बढ़ावा देने का कार्य भी किया गया है।**

लिब्रा वेलफेयर सोसायटी द्वारा **2021** से अरपा कम्यूनिटी रेडियो **90.8** का संचालन किया जा रहा है।

**ARPAA COMMUNITY RADIO 90.8 FM**
**is Powered By libra welfare Society**
**arpaaradio@gmail.com**

90.8
अरपा
ARPAA RADIO
आपका अपना रेडियो

**Office**
**House No.-B1/6, Gali No.-R-5,**
**Kranti Nagar,**
**Ward no.27-post-Bilaspur,**
**District -Bilaspur CG State**

**Contact No.-9827150507 - 9179132444,**
**Email ID : libra.welfare@gmail.com**

जावक क्रमांक : 3356 दिनांक : 01/02/2008

XXX-Part– 21

रूप क्रमांक 2

(देखिये नियम 7)

छत्तीसगढ़ शासन

# समिति का पंजीयन प्रमाणपत्र

क्रमांक पं॰ क्रं॰ 7690

यह प्रमाणित किया जाता है कि लिबरा वेलफेयर सोसायटी समिति जो बी/1/6 शांतिनगर बिलासपुर, तहसील बिलासपुर, जिला बिलासपुर में स्थित है, छत्तीसगढ़ सोसाइटी रजिस्ट्रीकरण अधिनियम, 1973 (सन् 1973 का क्रमांक 44) के अधीन 01-02-2008 को पंजीयित की गई है।

दिनांक एक माह फरवरी सन् 2008

मुद्रा

(अजय चौबे) 1/2/08

समितियों के रजिस्ट्रार

# LIBRA WELFARE SOCIETY

REGISTRATION NO.: 7690

## AFFILIATIONS

- **CG SOCIETY REGISTRATION ACT 1973(44) REGISTRATION NO.-B.S.-7690 REGISTRATION DATE-.01/02/2008**
- **AFFILIATED BY: -NGO DARPAN.NITI AYOG.GOV REGISTRATION NO.-CG/2017/0160491**
- **AFFILIATED BY: - UNDER IT ACT. 1961**
- **PERMANENT ACCOUNT NUMBER –AAAAL2822L**
- **AFFILIATED BY: - MINISTRY OF COMMUNICATION & INFORMATION. GOVT.OF INDIA-F.NO.-104/101//2016-CRS**
- **ARPAA COMMUNITY RADIO-MINISTRY OF COMMUNICATION & INFORMATION. GOVT OF INDIA- LICENCE NO.-FMCR-311/1 DT-02/02/2021**
- **AFFILIATED BY: - UNDER THE 12 AA- IT ACT. 1961- UNIQUE REGISTRATION NUMBER: - AAAAL2822LE20231**
- **AFFILIATED BY:- UNDER THE IT ACT. 1961- 80G-UNIQUE REGISTRATION NUMBER: - AAAAL2822LF20231**
- **AFFILIATED BY: - UNDER THE C.S.R.-1 MINISTRY OF CORPORATE AFFAIRS GOVT OF INDIA, NEW DELHI- - REGISTRATION NUMBER IS CSR00052283**

लिब्रा वेलफयर सोसायटी रजिस्टार ऑफिस से पंजीकृत गैर सरकारी संगठन के रूप मे 2008 से कार्य कर रहा है।
नेत्रहीन बच्चों के लिये टॉकिंग बुक्स, टीबी जागरूकता, स्वास्थ्य संकल्प, हिंसा को नो, मतदाता जागरूकता के लिये रेडियो कार्यक्रम, नुक्कड़ नाटक, बुजुर्गों के लिये डे केयर सेंटर का संचालन, महिलाओं, बुजुर्गों व बच्चों के लिये विभिन्न प्रकार की कार्यशालाओं का आयोजन, प्लास्टिक हटाओ अभियान, होली के रंगों के दुष्प्रभाव व हर्बल रंगों का निर्माण व प्रयोग, अपनी सुरक्षा अपने अधिकार श्रृंखला में महिला अधिकारों एवं सषक्तीकरण जैसे अभियानों का संचालन इस संस्थान द्वारा किया जा रहा है। कुपोषण की समस्या के लिये अपना भोजन स्वयं उगाने और पर्यावरण को बढ़ावा देने का कार्य भी किया गया है।

## पिछले वर्षो के कुछ महत्वपूर्ण कार्यक्रम : एक नज़र

1. टॉकिंग बुक्स
2. नो प्लास्टिक प्लीज़
3. अस्तित्व
4. आकृति
5. होली व रंगोली
6. अपनी सुरक्षा अपने अधिकार
   - बच्चों के सामान्य अधिकार
   - महिला प्रताड़ना
   - वोट देने का अधिकार
   - जानें मानव की शारीरिक संरचना
   - आत्मसुरक्षा व बचाव के तरीके
7. रोज़ एक कहानी
8. सिने पीरियेड
9. संवेदना
10. अपना भोजन स्वयं उगायें
11. वित्तीय साक्षरता
12. कम्युनिटी रेडियो
13. टीबी चैलेंज
14. स्वास्थ्य संकल्प
15. मेरी माती मेरा देश
16. योगा

17 हिंसा को नो

18 अपना भोजन स्वयं उगायें

## अरपा रेडियो : एक नजर

Name and Genesis of the CRS:
Arpaa Radio 90.8, Bilaspur (C.G.)
runs through Libra Welfare Society
(Registration 7690
Dt.01.02.2008

License Number: FMCR-311/1
Application Submitted: 28.09.2015
LOI 02.01.2017
DL 08.05.2018
SACFA 29.08.2018
GOPA 23.09.2019
WOL 02.02.2021
Launched 01.04.2021

Address: Lane Number R-5, B1/6,
Kranti Nagar, Bilaspur (C.G.) 495001
Contact No. 9827150507, 9179132444
Email ID libra.welfare@gmail.com
arpaaradio@gmail.com
Website: www.arpaaradio.com
Google Anaroid App : arpaa radio

**अरपा रेडियो का लाइव प्रसारण लिंक और QR कोड**

**https://bit.ly/45LvShd**

**Android App : arpaa radio**

**Website : www.arpaaradio.com**

**Facebook Page**

**https://www.facebook.com/Arpaaradio/**

**Twitter :**

**https://twitter.com/RadioArpaa**

**Instagram**

**https://www.instagram.com/arpaaradio/**

**Youtube handle**

**https://youtube.com/@ArpaaRadio**

**LWS वेबसाईट**

**https://librawelfare.org/**

OUR PROJECTS

- WOMEN EMPOWERMENT
- SKILL DEVELOPMENT
- HEALTHCARE
- ENVIRONMENT

## ARPAA RADIO'S MOTIVE

### MISSION

EDUCATE, ENLIGHTEN & ENRICH

### VISION

TO DEVELOP AN ECOSYSTEM OF COLLABORATION, COOPERATION, AND SHARING OF RESOURCES AMONG INTERSECTIONS USING INFORMATION, KNOWLEDGE, AND HUMANE TOUCH FOR SELF-EMPOWERMENT AND COMMUNITY DEVELOPMENT.

### GOALS

NETWORKING OF EDUCATIONAL INSTITUTIONS TO ENHANCE HUMAN POTENTIAL THROUGH AN ECOSYSTEM OF COOPERATION, AND KNOWLEDGE DISSEMINATION. A PARTICIPATORY APPROACH TO THE INTERSECTION OF SOCIETY WILL BE UNDERTAKEN WITH REAL SUCCESS STORIES REFLECTING THEIR DREAMS, PASSION & MOTIVATION TO BRING QUALITY LIVING TO THEIR LIVES. CONSERVATION OF ENVIRONMENT, TRADITIONAL KNOWLEDGE AND CULTURAL VALUES AND AWARENESS IN THE AGE OF GLOBALISATION

# APRIL 2023

01 अप्रैल : स्थापना दिवस
05 अप्रैल : ऐमिटी यूनिवर्सिटीमें अरपा रेडियो
05 अप्रैल : औडियो किताब बर्फ के फूल का विमोचन
05 अप्रैल : मिलेट जागरूकता कार्यक्रम (Event Raipur)
07 अप्रैल : हिंसा को नो (औडियो शृंखला)
10 अप्रैल : मिलेट जागरूकता कार्यक्रम (Event Bilaspur)
14 अप्रैल : डॉ. भीमराव अंबेडकर जयंती
22 अप्रैल : ईद / पृथ्वी दिवस
23 अप्रैल : विश्व पुस्तक और कॉपीराइट दिवस
30 अप्रैल : मन की बात का अंक 100






90.8 अरपा
ARPAA RADIO

एक आवाज, एक प्रयास

# अरपा रेडियो स्थापना दिवस

- सूचना एवं संचार मंत्रालय द्वारा देश में अब तक 415 स्थानों पर गैर सरकारी संगठनों और शैक्षणिक संस्थानों को सामुदायिक रेडियो के लिए लाइसेंस प्रदान किए गए हैं। बागबहरा और बिलासपुर में 10 कम्यूनिटी रेडियो आरंभ हो चुके हैं। बिलासपुर में लिब्रा वेल्फेयर सोसाइटी और डॉ. सी. वी. रमन विश्वविद्यालय को अरपा रेडियो और रमन रेडियो के रूप में WPC द्वारा 90.4 और 90.8 फ्रीक्वेन्सी प्रदान की गई है।
- बिलासपुर के बीच से होकर बहने वाली अरपा नदी के नाम पर आधारित अरपा रेडियो जागरुकता, स्वास्थ्य और जनचेतना से जुड़े कार्यक्रमों के प्रसारण के साथ स्थानीय प्रतिभाओं, कलाकारों और गतिविधियों से जुड़े कार्यक्रम प्रसारित कर रहा है, छत्तीसगढ़ की लोककला, साहित्य, लोकसंगीत, पर्यटन आदि को एप व वेबसाईट में संरक्षित कर रहा है।
- 1 अप्रैल 2023 को स्थानीय कंपनी गार्डन में अरपा रेडियो का स्थापना दिवस मनाया गया. पिछले साल छत्तीसगढ़ के इस रेडियो द्वारा जन जागरुकता के कार्यक्रमों के बारे में जानकारी दी गई। UNICEF, कम्यूनिटी रेडियो एसोसिएशन, Calcutta फाउंडेशन, USAID, Smart NGO, Momentum के सहयोग से विगत वर्ष अनेक कार्यक्रमों का निर्माण, narrowcast व broadcast किया गया। जिनमें TB जागरुकता कार्यक्रम "The TB Challenge", महिला स्वास्थ्य पोषण पर आधारित कार्यक्रम "स्वास्थ्य संकल्प", छत्तीसगढ़ी भाषा का कार्यक्रम आदि के साथ स्वास्थ्य, कोरोना और ज्ञानवर्धक कार्यक्रमों का संचालन किया गया है।
- "हिंसा को नो" कार्यक्रम का संचालन पिछले दिनों, सेंदरी, गतोरी, सेमरा, सेमरताल और जलसों की महिलाओं के साथ शुरू किया गया है, जिसके लिए इस अवसर पर पांचों गावों के लिए रेडियो सेट्स प्रदान किए गए।
- स्थापना दिवस पर 4 फुट लंबा @Creamy Spicy का केक काटा गया, जिसे वहाँ उपस्थित तकरीबन 200 लोगों में वितरित किया गया।
- अर्चिन्स ग्रुप के कलाकारों द्वारा नाट्य प्रस्तुति दी गई।
- उपस्थित जनता के लिए तात्कालिक भाषण का आयोजन किया गया, जिसमें बिलासपुर शहर के विभिन्न स्थानों के नाम चिट से निकाले गए। सामने आकर बोलने वालों को Shankar mobile Shoppe की तरफ से गिफ्ट बाटे गए..
- बालों की समस्या पर प्रश्न पूछते हुए Morvin कंपनी के भिलाई से आए मैनेजर ने सही जवाब देने वालों को पुरस्कृत किया।

कार्यक्रम में सुनील चिपड़े, अनीश श्रीवास, मातृका साहू, रचिता देशपांडे, सुबोध शर्मा, अभिषेक चंद्राकार, अप्पू नवरंग विभूति सचदेव, आकांक्षा ठाकुर और LED पार्टनर ऑल इन वन का सहयोग रहा। डॉ अजय श्रीवास्तव, डॉ. प्रतिभा जे मिश्रा, प्रोफेसर चंदेल., श्री कामड़े, छबीन्द्र सहारे, श्वेता पाण्डेय, अंतरा चक्रवर्ती, रेहाना तबस्सुम, ऐश्वर्यालक्ष्मी, मीनाक्षी आदि उपस्थित रहे।

4 साल का सफर श्रोताओं और सदस्यों के साथ शानदार रहा आगे भी निरंतर नए कार्यक्रमों के साथ अरपा रेडियो चलता रहेगा।





# श्रोताओं के अरपा रेडियो के प्रति उद्गार

प्यारे, न्यारे, दुलारे अरपा रेडियो,
प्यार भरा, दुलार भरा नमस्कार.

आज एक अप्रैल तुम्हारा जन्मदिन.इस अवसर पर तुम्हें बहुत-बहुत बधाई और शुभकामनाएँ.

तुम्हारे साथ ज्ञानमय, मनोरंजनमय और संगीतमय धारा को अपने सुर से सजाने वाले संज्ञा जी, सुजाता जी, शुभ्रा जी, सुमेधा जी, श्वेता जी, मीनू जी, मातृका जी, आकांक्षा जी, सुनील जी, अनीश जी और पूरे अरपा परिवार को बहुत-बहुत बधाई और शुभकामनाएँ.

01 अप्रैल 2020 को जब तुम आई तो अपने साथ वर्चस्व दिनेश कुमार जी की प्राचीन भारतीय मनीषा, सजीव सारथी जी की एक मुलाकात जरूरी है, समीर गोस्वामी जी फिल्मी चक्कर, डॉ.रमेश चंद्र महरोत्रा जी की चिंतन-मनन और अपनी हिन्दी सुधारें, सुनील चिपड़े जी की सुर सिनेमा, कृष्ण मोहन मिश्रा जी की रागों के बारे में जानकारी, महेन्द्र बिलसपुरिहा जी की रंग छत्तीसी छत्तीसगढ के, 17 अक्टूबर 2020 से अनीश के संग मितान के पसंद इसके अलावा और भी ढेर सारे रोचक, मनोरंजक और ज्ञानवर्धक कार्यक्रम लेकर आई. इनमें अनीश के संग मितान मन के पसंद को छोड़कर, हम श्रोताओं की सहभागिता वाले और कार्यक्रम का न होना खटक रहा था.

श्रोताओं की पसंद को ध्यान में रखते हुए तुम 2021 को हम श्रोताओं के लिए कई नये कार्यक्रमों की सौगात लेकर आईं. जिनमें 12 जनवरी 2021 को फोन पे बात तूलिका के साथ, 18 मई 2021 को शीर्षक अरपा का पसंद आपकी, 04 जून 2021 को हफ्ते के श्रोता, 10 जून 2021 को श्रोता की कलम से, और 02 अक्टूबर 2021 को चिट्ठी आई है मेल के रास्ते आई. जो हम श्रोताओं को बहुत ही भायी. इनमें से कुछ कार्यक्रम को हम श्रोताओं ने अपनी सहभागिता देते हुए भरपूर प्यार दिया जो हमारा पसंदीदा कार्यक्रम बने हुए हैं. वहीं फोन पे बात तूलिका के साथ और चिट्ठी आई है हमारा भरपूर प्यार न पाकर रूठ गये हैं और नज़र ही नहीं आ रहें हैं. इन रूठे हुए कार्यक्रम को मनाना होगा,हम श्रोताओं को इन पर भरपूर प्यार बरसाना होगा.

पहले तुम सुबह और शाम आती थी, लेकिन अब दोपहर को भी आने लगी हो. मगर अफसोस दोपहर को हम तुम्हें सुन नहीं पाते हैं. लेकिन ये कमी शाम को पूरी हो जाती है जब कुछ कार्यक्रम को शाम को पुनः सुनाती हो.

तुम्हारे इस तीन साल के सफर में हमने बहुत कुछ पाया है तो कुछ कार्यक्रमों को खोया भी है. चौथे वर्ष के सफर में कुछ पाने की उम्मीद में,हम श्रोताओं को भी जो खोया है उसे वापस लाने की ओर अग्रसर होना होगा. एक नये जोश,उमंग और उत्साह के साथ.

पुनः चौथे वर्ष की ओर अग्रसर अरपा रेडियो, ढेरों बधाई और शुभकामनाएँ.

अरविन्द नगर बिलासपुर
दिनेश ध्रुव





# ऐमिटी यूनिवर्सिटी में अरपा रेडियो

महात्मा गाँधी ने कहा था "मैं रेडियो में शक्ति देखता हूँ" टीवी के आने के बाद रेडियो की शक्ति क्षीण पड़ने लगी थी। हमारे Mirza Masood सर उस समय कहते थे कि देखना रेडियो का ज़माना फिर लौटेगा। और लगता है अब उनकी बात सही होने लगी है। वीडियो माध्यम अनेक रूपों में में आज विद्यमान है, लेकिन लोगों के पास समय की कमी है। दूसरे देशों में तो लोग बरसों पहले से लॉन्ग ड्राइव पर जाते समय कहते सुने जाते थे "चलो एक नॉवेल सुन लिया जाए" । काम करने के साथ मनोरंजन या ज्ञान प्राप्ति के साधन के रूप में अब लोग आँखों की जगह कानों का उपयोग करना ज्यादा अच्छा मानने लगे हैं। और यही करण है कि कई विदेशी और देशी कम्पनियाँ अब औडियो मीडिया के क्षेत्र में पॉडकास्ट और औडियो बुक प्रसारण के रूप में सामने आ रही हैं। छत्तीसगढ़ की बात करें तो यहाँ 5 आकाशवाणी केंद्रों के बाद 10 सामुदायिक रेडियो खुल चुके हैं। और अब प्राइवेट कॉलेज और विश्वविद्यालय भी इस ओर कदम बढ़ चुके हैं। 3 अप्रैल 2023 को रायपुर के ऐमिटी विश्वविद्यालय में ऐमिटी रेडियो का शुभारंभ किया गया, जिसमें अरपा रेडियो की डायरेक्टर संज्ञा टंडन को अतिथि के रूप में आमंत्रित किया गया। रेडियो के बढ़ते ग्राफ को देखकर खुशी हुई। उद्घाटन सत्र के बाद जर्नलिज़म, मास कम्यूनिकेशन के बच्चों के बीच अपने अनुभव साझा करने और उनकी जिज्ञासाओं को पूरा करने के सत्र का अनुभव भी शानदार रहा। औडियो और रेडियो की लोकप्रियता बस यूं ही बढ़ती रहे...









# ऑडियो किताब
# बर्फ के फूल
# का विमोचन

यूं तो Arpaa Radio एप और वेबसाईट पर काफी औडियो बुक्स, podcast व कार्यक्रम उपलब्ध हैं। लेकिन Chhattisgadh राष्ट्रीय स्तर की छत्तीसगढ़ की जानी मानी लेखिका, उपन्यासकार व कवियित्री जया जादवानी का साहित्यिक प्रतिनिधियों के सामने अरपा रेडियो के आयोजन में औडियो बुक का विमोचन करना एक गर्व की बात बन गई है। विगत 3 अप्रैल 2023 को रायपुर के स्वर्णभूमि के Iraa Raipur में उपस्थित जनता के सामने इसका विमोचन किया गया। 15 कहानियां और उनकी एक कहानी के नाट्य रूपांतरण का आकाशवाणी दिल्ली हुए प्रसारण का संग्रह है इस औडियो बुक में। वहाँ उपस्थित साहित्य प्रेमियों को वितरित किए गए QR को सबने अपने फोन के माध्यम से स्कैन किया और सबके हाथों में ये किताब उपलब्ध हो गई। अब आप भी जया जादवानी की औडियो किताब तक नीचे दिए गए लिंक के माध्यम से पहुंचकर उनकी कहानियों का आनंद ले सकते हैं। अन्य किताबों के लिए www. arpaaradio.com वेबसाईट पर पहुँच सकते हैं और अपनी औडियो बुक प्रकाशित करवाना चाहें तो arpaaradio@gmail.com पर हमसे संपर्क कर सकते हैं।



# मिलेट जागरूकता कार्यक्रम

2023 अन्तराष्ट्रीय मिलेट वर्ष घोषित किया गया है। मिलेट्स (श्री अन्न) दुनिया में 6वें सबसे महत्वपूर्ण अनाज के रूप स्थान रखता है, जिसमें ज्वार, बाजरा, रागी, सावां, कंगनी, चीना, कोदो, कुटकी और कुट्टू आदि शामिल हैं। मिलेट में उच्च पोषण तत्व और फाइबर होते हैं। प्रोटीन, आवश्यक अमीनो ऐसिड, खनिज और विटामिंस से भरपूर मिलेट बहुत से रोगों को दूर करने की भी क्षमता रखता है। Arpaa Radio इन दिनों अपने radio कार्यक्रमों और इवेंट्स के जरिए मिलेट के प्रति जागरुकता फैलाने का कार्य भी कर रहा है। विगत दिनों रायपुर में Iraa Raipur में मिलेट की जरूरत और फायदे के बारे में मिलेट अम्मा कविता देव ने जानकारी दी।" हेल्दी फूड हेल्दी माइंड" विषय पर बातचीत करते हुए उन्होंने अंबली बनाए की विधि साझा की और कैंसर व अनेक असाध्य बीमारियों से रोगियों को मुक्त होते देखने के अपने अनुभव भी साझा किए। मिलेट के व्यंजनों को स्वादिष्ट बनाने के उद्देश्य से उन्होंने इन मिलेट्स के पोहे, इडली रवा, आटा आदि उपलब्ध भी करवाया।

बिलासपुर से जुड़ी, ग्रामीण विकास मंत्रालय में कार्यरत, मास्टर शेफ 6 के अंतिम 9 तक पहुँचने वाली डॉक्टर प्रियंका विश्वास ने मिलेट द्वारा पारंपरिक के साथ आधुनिक पौष्टिक व्यंजन बनयने की टिप्स दीं। रागी के गुलाब जामुन और कपरी सलाद उपस्थित लोगों के ही सहयोग से बनाई। ईरा के शेफ तरुण का विशेष सहयोग रहा।





Arpaa radio के सौजन्य से आधारशिला के सहयोग से Millet Master Class countery क्लब में भी डॉक्टर प्रियंका विश्वास के साथ ऐसा ही कार्यक्रम आयोजित किया गया। रागी के गुलाब जामुन, राजगीरा भेल सलाद और बाजरे का पास्ता यहाँ पर बनाएगाए व्यंजन थे। शहर के नागरिकों के साथ बिलासपुर विश्वविद्यालय के होटल मैनिज्मन्ट के बच्चे इस कार्यक्रम में विशेष रूप से उपस्थित थे।




Arpaa Radio पर मिलेट जागरूकता से जुड़े अन्य भी अनेक कार्यक्रमों का निर्माण व प्रसारण किया गया।










# हिंसा को नो
## (औडियो शृंखला)
## (नैरोकास्टिंग)

लिब्रा वेल्फेयर सोसाइटी द्वारा संचालित अरपा कॉम्युनिटी रेडियो, 90.8 एफ एम द्वारा लिंग आधारित हिंसा पर जागरुकता कार्यक्रम 'हिंसा को नों' चलाया जा रहा है। लिन्ग आधारित हिन्सा से केवल एक महिला ही प्रभावित नहीं होती बल्कि ये पूरे समाज को प्रभावित करता है, इसिलिये इस विषय के प्रति जागरूकता बहुत ज़रूरी है। यह प्रोजेक्ट दिल्ली के स्मार्ट एनजीओ द्वारा अरपा रेडिओ सहित देश भर के 9 सामुदायिक रेडियो स्टेशन के साथ शुरु किया गया है। इस प्रोजेक्ट के तहत अरपा रेडिओ द्वारा 5 गांवों 25-25 महिलाओं के साथ मिलकर लिंग आधारित हिंसा के प्रति जागरुकता कार्य किया जा रहा है। ये गांव हैं जलसो, सेंदरी, गतौरी, सेमरा और सेमरताल। इन गांवो का मोर्चा सम्हालने पांच महिला सुपरवाइसर भी भी नियुक्त की गई हैं जो हर हफ्ते गांव में नेरोकास्ट करती हैं और लोगों को इस विषय पर अन्य जानकारी भी देंदेती हैं। इसके लिए सभी सुपरवाइजर्स हो रेडियो सेट भी प्रदान किए गए हैं। इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य महिलाओं के प्रति हिन्सा में हो रही वृद्धि को रोकना और उसे कम करना है। कार्यक्रम के माध्यम से सखी व स्टॉप सेन्टर और महिला हेल्पलाइन नम्बर का प्रचार किया जा रहा है ताकि हिंसा पिड़ित महिलाओं को सभी प्रकार का सहयोग प्रदान किया जा सके और घरेलू हिंसा की वजह से समाज में व्याप्त डर को भी समाप्त किया जा सके। अरपा रेडियो की तरफ से इस कार्यक्रम का संचालन रेहाना तबस्सुम और मातृका कर रही हैं। सुपरवाइजर्स के रूप में सेंदरी से प्रियंका यादव, ग्राम गतौरी से रजनी यादव, ग्राम सेमरताल से रंजिता, ग्राम सेमरा से रजनी साहू , ग्राम जलसों से रानु अग्रवाल कार्य कर रही हैं। विगत दिनों इस कार्यक्रम के संचालन हेतु स्मार्ट एनजीओ दिल्ली से कार्यक्रम कोऑर्डिनेटर आस्था एवं लक्ष्मी द्वारा प्रत्येक गाँव में जाकर ट्रेनिंग दी गई।





...त हिंसा के प्रति जागरूकता जरू...

...डियो, 90.8 एफएम द्वारा हिंसा पर चलाया जा रहा ...



कम्युनिटी रेडियो, 90.8 एफए...
...र चलाया जा रहा जागरूकता ...



...हिलाओं को जागरूक करने गांवों में...

...धारित हिंसा के प्रति जागरूक...





लिंग आधारित हिंसा के प्रति जागरूकता जरूरी- संज्ञा टंडन

अरपा कम्युनिटी रेडियो, 90.8 एफएम द्वारा हिंसा पर चलाया जा रहा जागरूकता अभियान



**हर दिन श्रोताओं के अरपा रेडियो के कार्यक्रमों प्रति उद्गारपत्रों और मेल के माध्यम से बरसते रहते हैं - और अरपा रेडियो पर समसामयिक कार्यक्रमों का प्रसारण हर दिन 12 घंटे होता है**

- 14/04/2023,शुक्रवार.
- भारत के संविधान के निर्माता डॉ.भीमराव अम्बेडकर के 132 वें जन्म दिवस उन्हें नमन. आप सभी श्रोता मित्रों को बधाई और शुभकामनाएँ.
- शब्द 'मुख्य' और 'प्रधान' के बारे में जानकारी अपनी हिन्दी सुधारें के अंतर्गत.
- अंबेडकर जयंती पर केन्द्रित विशेष कार्यक्रम.
- निजामाबाद तेलंगाना के श्रोता शेख अल्लाह बख्श जी के साथ मीनू जी की बातचीत और उनके पसंद के गीत सुने, कार्यक्रम सप्ताह के श्रोता में.
- आज के कलाकार गायिका शमशाद बेगम पर केन्द्रित रहा.
- हेलो बच्चों में फूलों का पौधा प्रेरणादायक कहानी, सिंहासन बत्तीसी की 14 वीं पुतली सुनयना से विक्रमादित्य और हिंसक सिंह का शिकार कहानी.
- सजीव सारथी जी के साथ उभरती गीतकार श्रद्धा बिलावे जी की बातचीत एक मुलाकात जरूरी है कार्यक्रम के अंतर्गत.
- हरिशंकर परसाई जी का व्यंग्य
- 'अनीश के संग मितान मन के पसंद' हर बार की तरह जबरदस्त।















Co.

**MAY 2023**

**06 मई : शीर्षक अरपा का पसंद आपकी के 100 एपिसोड पूर्ण**

**14 मई : छत्तीसगढ़ गीत प्रतियोगिता**

**वंदिता साहू प्रथम | संतोष श्री वैष्णव द्वितीय**

**19 मई : बच्चों के लिए पॉडकास्ट प्रतियोगिता**

**सीनियर ग्रुप : प्रथम शृंखला | द्वितीय नील**

**जूनियर ग्रुप : प्रथम अर्पिता पांडेय|द्वितीय आर्यवत |**

**24 जून : अरपा रेडियो को कर्मवीर पुरस्कार**



**माननीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी का देश के हर रेडियो पर महीने में एकबार प्रसारित होने वाल प्रतिष्ठापूर्ण कार्यक्रम मन की बाट के सौ अंक और अरपा रेडियो पर श्रोताओं के पसंदीदा कार्यक्रम शीर्षक अरपा का पसंद आपकी के 100 अंक पूरे हुए।**

-1. बचपन (18.05.2021)
2. चाँद (25.05.2021)
3. साथी 01.06.2021)
4. हवा (08.06.2021)
5. जिंदगी (15.06.2021)
6. बरसात (22.06.2021)
7. रात (29.06.2021)
8. वो (06.07.2021)
9. घर (13.07.2021)
10. रिमझिम (20.07.2021)
11. पंछी (27.07.2021)
12. बरखा (03.08.2021)
13. बदरा (10.08.2021)
14. देश (17.08.2021)
15. राखी (24.08.2021)
16. कृष्ण/कन्हैया (31.08.2021)
17. सपना (07.09.2021)
18. जीवन (14.09.2021)
19. गोरी (21.09.2021)
20. जुल्फ (28.09.2021)
21. आँखे/आँखों (05.10.2021)
22. माँ/माता (12.10.2021)
23. मौसम (19.10.2021)
24. पर्वत (26.10.2021)
25. दीया/दीप (02.11.2021)
26. खुशी (09.11.2021)
27. दुनिया (16.11.2021)
28. मन ( 23.11.2021.)
29. चोरी (30.11.2021)
30. गजरा (07.12.2021.)
31. ले गई (14.12.2021)
32. ईश्क (21.12.2021)
33. घुँघट (28.12.2021)
34. गीत (03.01.2022)
35. टोपी (11.01.2022)
36. कौन (18.01.2022)
37. डोर (25.01.2022)
38. समां (01.02.2022)
39. पल (08.02.2022)
40. खुशबू (15.02.2022)
41. बसंत बसंती(22.02.2022)
42. शिव/भोले (01.03.2022)
43. चेहरा/चेहरे(08.03.2022)
44. रंग/गुलाल (15.03.2022)
45. नैन (22.03.2022)
46. रानी (29.03.2022)
47. भंवरा (05.04.2022)
48. राम (12.04.2022)
49. अल्लाह (19.04.2022)
50. बधाई/मुबारक (26.04.2022)

दिनांक 03.05.2022 को प्रसारित नहीं हुआ.

51. आसमान (10.05.2022)
52. शोला (17.05.2022)
53. निगाहें (24.05.2022)
54. तुम (31.05.2022)
55. चूड़ी (07.06.2022)
56. खत (14.06.2022)
57. सफर (21.06.2022)
58. मितवा (28.06.2022)
59. बिंदिया (05.07.2022)
60. मुलाकात (12.07.2022)
61. गुस्सा (19.07.2022)
62. अकेला (26.07.2022)
63. सागर (02.08.2022)
64. जंगल (09.08.2022)
65. आजाद/आजादी (16.08.2022)
66. राधा (23.08.2022)
67.गणपति/बप्पा (30.08.2022)
68. दीवाना (06.09.2022
69. जिंदगानी (13.09.2022)
)
70. एक (20.09.2022)
71.लताजी पर केन्द्रित (27.09.2022)
72. जय (04.10.2022)
73. चाँदनी (11.10.2022)
74. टिमटिम (25.10.2022)
75. वक्त (01.11.2022)
76. नदी (08.11.2022)
77. महफ़िल (15.11.2022)
78. एक बार (22.11.2022)
79. मीत (29.11.2022)
80. बार-बार (06.12.2022)
81. काग़ज (13.12.202)
82. बाँहों में (20.12.2022)
83. जमीं (27.12.2022)
84. साल (03.01.2023)
85. पलट (10.01.2023)
86. हिन्दुस्तान (17.01.2023)
87. ऋतु (31.01.2023)
88. अजनबी (07.02.2023)
89. वादा (14.02.2023)
90. तेरे बिना (21.02.2023)
91. हम तुम (28.02.2023)
92. धीरे-धीरे(07.03.2023)
93. आवाज (21.03. 2023)
94. शक्ति (28.03.2023)
95. शाम (04.04.2023)
96. सवेरा/सवेरे (11.04.2023)
97. घुंघरू (18.04.2023)
98. शहनाई (25.04.2023)
99. बरात (02.05.2023)
100. सौ (09.05.2023)
100. जवानी (10.05. 2023)








Arpaa Radio & Creamy Spicy Presents
छत्तीसगढ़ी
गीत
प्रतियोगिता
अरपा सामुदायिक रेडियो 90.8 FM
व
अरपा वेब रेडियो
पर गीतों का प्रसारण
Shankar Mobile Shopee
द्वारा आकर्षक पुरस्कार
अपने गाए हुए तीन
छत्तीसगढ़ी गीतों
की रिकॉर्डिंग मेल
पर भेजें।
Registration Fees : Rs.200
Last Date : 25.05.2023
संपर्क करें : arpaaradio@gmail.com
83495 69334/ 6263986672/6260 464 954




Arpaa Radio & Creamy Spicy Presents
छत्तीसगढ़ी गीत
प्रतियोगिता
• बिलासपुर का पहला कम्युनिटी रेडियो 90.8
• छत्तीसगढ़ का पहला इंटरनेट रेडियो
• छत्तीसगढ़ी कला संस्कृति का संग्रहण
नवोदित छत्तीसगढ़ी गीत गायकों के लिए एक नया मंच
अरपा सामुदायिक रेडियो 90.8 पर छत्तीसगढ़ी गीतों का प्रसारण
Gifts by Shankar Mobile shopee
अरपा रेडियो एप और वेबसाईट पर लाइव और आर्काइव के माध्यम से
आपकी आवाज 5 लाख से अधिक श्रोताओं तक पहुँचेगी।
Registration Fees : Rs. 200
Contact : 83495 69334/ 6263986672/6260 464 954
Whatsapp : 9179132444
Mail : arpaaradio@gmail.com
www.arpaaradio.com
ARPAA RADIO




अरपा रेडियो का आमंत्रण
पॉडकास्ट प्रतियोगिता
अरपा रेडियो 90.8 fm
ऑडियो अवधि अधिकतम 7 मिनट
ग्रुप 1 : 10 साल तक
कहानी अपनी पसंद की। (पंचतंत्र, तेनालीराम..... आदि)
ग्रुप 2 : 11 से 15 साल तक
आपके सपनों का बिलासपुर कैसा हो?
या
आपके पाठ्यक्रम से कोई प्रिय पाठ
Android App : arpaa radio
Website : www.arpaaradio.com
Facebook Page : https://www.facebook.com/Arpaaradio/
Youtube handle https://youtube.com/@ArpaaRadio
अरपा रेडियो का लाइव प्रसारण आप app के साथ इस लिंक से भी सुन सकते है।
https://bit.ly/2SzAd6U




अरपा रेडियो 90.8 fm
निर्देश :
• Rs.200 Registration fees अरपा रेडियो के नंबर 9179132444 या
Libra welfare Society के UPI sangya1234@kotak पर ऑनलाइन भेजें।
• arpaaradio@gmail.com पर रिकॉर्डिंग फाइल के साथ
बच्चे व पिता का नाम /पता/मोबाईल नंबर और रजिस्ट्रेशन फीस की रसीद भेजें।
• बैकग्राउंड म्यूजिक उपयोग कर सकते हैं लेकिन मूल ऑडियो स्पष्ट होना चाहिए।
• मोबाईल के रिकॉर्डर पर अधिकतम 7 मिनट की रिकॉर्डिंग mail पर भेजें।
पॉडकास्ट प्रतियोगिता
अंतिम तिथि 5 जून 2023
आकर्षक पुरस्कारों के साथ
रेडियो में प्रसारण
प्रत्येक वर्ग के तीन विजेताओं को पुरस्कार व सारे प्रतिभागियों को सर्टिफिकेट
दोनों वर्ग के 10-10 प्रतिभागियों को अरपा रेडियो पर
5 दिवसीय पॉडकास्ट ट्रेनिंग और प्रसारण
संपर्क करें : arpaaradio@gmail.com
83495 69334/ 81201 31976/6260 464 954







## अरपा रेडियो को कर्मवीर पुरस्कार









## JUNE 2023

**15 जून से 21 जून : CEMCA द्वारा योग प्रोजेक्ट**


- पद्मश्री खादर वाली से अर्चना की बातचीत
- डॉ. पूर्वी निमगांवकर से अर्चना की बातचीत
- रविंद्र सिंह से संज्ञा की बातचीत
- डॉ. शालिनी सरकार से मीनू सिंह की बातचीत
- ब्रह्माकुमारी सविता दीदी से अर्चना की बातचीत
- योग क्या, क्यों और कितना? ऑडियो फीचर मीनू सिंह
- विवेक भारती से अर्चना की बातचीत
- अश्विन भारती से अर्चना की बातचीत
- कमलेश जी पटेल से (दाजी) से अर्चना की बातचीत
- शीतल महाजन से अर्चना की बातचीत

**24 जून : क्या आप अपनी आवाज के माध्यम से रेडियो जगत में कैरियर बनाना चाहते हैं**

### NEW SHOWS

- भ्रमण विचरण
- ये रातें, ये बातें




एक आवाज, एक प्रयास

LIBRA WELFARE SOCIETY
REGISTRATION NO.: 7690

ANNUAL REPORT
2023-24

# Commonwealth Educational Media Centre For Asia
# के प्रोजेक्ट के माध्यम से योग जागरूकता









Communoty Radio Association की फरीदाबाद की Manav Rachna  Univerdity में 2 साल के लिए नयी कार्यकारिणी का गठन हुआ , जिसमें Arpaa Radio  की Sangya Tandon को central zone का vice president बनाया गया है। president विश्वास रेडियो, नासिक के हरि कुलकर्णी, जनरल सेक्रेटरी किसान वाणी रेडियो सिरोंज के जितेंद्र शर्मा, voice of Azamgadh के MS बेग कोषाध्यक्ष चुने गए हैं। 6 zones के 6 VP और 3 joint secretaries चयनित हुए hain। चुनाव अधिकारी इग्नू के डॉ ओ पी देवल जी थे। इस अवसर पर देश के विभिन्न क्षेत्रों के 45 Community  Radio स्थल पर और 77 क्षेत्रों के Radio के लोग जूम पर जुड़े थे।













Co.

## JULY 2023

- जुलाई 12 13 14 जुलाई को हिंसा को जो की वर्कशॉप में अलंकृता और मातृका दिल्ली में शामिल हुई
- 21 जुलाई को लेकर जयशंकर की ऑडियो बुक विमोचित की गई
- 28 जुलाई कंजेक्टिवाइटेड अवेयरनेस



# बिलासपुर के आसपास गाँवों में जागरूकता अभियान



Arpaa Radio द्वारा पिछले 4 महीनों से बिलासपुर के पास के 5 गाँवों #सेंदरी, #गतौरी, #सेमरा, #जलसो और #सेमरताल में "हिंसा को नो" कार्यक्रम का संचालन किया जा रहा है। नैरोकास्टिंग और ब्रॉड्कैस्टिंग के माध्यम से 25-25 महिलाओं के समूहों के साथ अरपा रेडियो के प्रतिनिधि घरेलू हिंसा के खिलाफ जागरुकता लाने के प्रयास में हैं। सखी वन स्टॉप सेंटर के बारे में बता रहे हैं। इसके साथ ही अब तक 12 स्थानों पर इस जागरुकता के तहत आउटरीच कार्यक्रम भी किए गए हैं, जिनमें GDC, गुरुगहसीदास विश्वविद्यालय अटल विश्वविद्यालय, तिलकनगर सरस्वतीशिशु मंदिर, ड्रीम्लैन्ड स्कूल, विवेकानंद उद्यान आदि शामिल हैं।



# रायपुर वर्कशॉप में अरपा रेडियो


#smart_ngo द्वारा देश के 13 community radio के साथ पिछले 8 महीने से "Say No to Violence" gender based violence पर कार्यक्रम चलाया जा रहा था। हर रेडियो 5 या 7 गाँव के साथ इस कार्यक्रम मने जुड़ा था। हर गाँव में 25 महिलाओं के समूह के साथ ये कार्य किया गया। घरेलू हिंसा के खिलाफ जागरूकता लाने का प्रयास जारी है। छत्तीसगढ़ के #radio_samvad #Radio_lokvani #Radio_sahyogi aur #radio_arpaais कार्यक्रम के साथ जुड़े थे। विगत मई महीने में होटल सिंघानिया सरोवर पोर्टिको, रायपुर में हुई वर्कशॉप में प्रतिनिधि के रूप में मातृका और शुभ्रा ठाकुर शामिल हुई थीं।







# दिल्ली वर्कशॉप में अरपा रेडियो




**अरपा रेडियो की प्रोजेक्ट कोऑर्डनैटर मातृका और प्रोग्राम एडिटर  आकांक्षा ठाकुर दिल्ली में एक वर्कशॉप में सम्मिलित हुई। ये वर्कशॉप 3 साल के लिए** Seeking Modern Applications for Real Transformation - SMART NGO **द्वारा देश के 7 राज्यों के 13 कम्यूनिटी रेडियो के साथ चलाए जाने वाले लिंग आधारित हिंसा पर विशेष कार्यक्रम "हिंसा को नो" के लिए थी। इस तीन दिवसीय कार्यशाला में स्मार्ट के प्रतिनिधियों के अलावा विभिन्न क्षेत्रों से जुड़कर इस विषय पर कार्य करने वाले विशेषज्ञ भी ट्रेनर के रूप में उपस्थित थे और उन्होंने अपने अनुभव साझा किए। अरपा रेडियो को इस दौरान 10 -10 महीने के लिए 3 फेलो भी बिलासपुर क्षेत्र के लिए चुनने हैं जिनको मासिक फेलोशिप दी जाएगी।**



लिंग आधारित हिंसा पर दिल्ली की कार्यशाला में मात्रिका व आकांक्षा हुई शामिल

बिलासपुर , 31 जुलाई ( देशबन्धु ) । दिल्ली में सिकिंग मॉडर्न ऐप्लीकेशन फॉर रीयल ट्रांसफार्मेशन ( स्मार्ट एनजीओ ) के तत्वावधान में लिंग आधारित हिंसा पर तीन दिन की विशेष कार्यशाला आयोजित की गई । इसमें बिलासपुर छत्तीसगढ़ की अरपा रेडियो की प्रोजेक्ट कोऑर्डिनेटर मात्रिका हिरवानी और प्रोग्राम एडिटर आकांक्षा ठाकुर ने शिरकत की । ये वर्कशॉप  स्मार्ट एनजीओ द्वारा तीन साल के लिए देश के 7 राज्यों के 13 कम्यूनिटी रेडियो के साथ चलाए जाने वाले लिंग आधारित हिंसा हिंसा को नो के लिए थी । इस तीन दिवसीय कार्यशाला में स्मार्ट के प्रतिनिधियों  के अलावा विभिन्न क्षेत्रों से जुड़कर इस विषय पर कार्य करने वाले विशेषज्ञ भी ट्रेनर के रूप में उपस्थित थे और उन्होंने अपने अनुभव साझा किए । अरपा रेडियो को इस दौरान 10 – 10 महीने के लिए 3 फेलो भी बिलासपुर क्षेत्र के लिए चुनने हैं जिनको मासिक फेलोशिप दी जाएगी । ज्ञातव्य है कि अरपा रेडियो द्वारा हिंसा को नो प्रोजेक्ट 4 महीनों से चलाया जा रहा था जिसमे अरपा रेडियो ने सेंदरी, गतौरी, जलसों, सेमरताल और सेमरा इन पाँच गावों के साथ मिलकर घरेलू हिंसा के प्रति जागरूकता कार्यक्रम किया। इसका   द्वितीय चरण एक नये सिरे से शुरू करने के लिए ये वर्कशॉप की गई ।






अपनी दिल्ली

वर्ष 21 ● अंक-2
नई दिल्ली, रविवार
6 से 12 अगस्त 2023

देश की बात

‘लिंग आधारित हिंसा’ पर कार्यशाला का आयो


अपनी दिल्ली संवाददाता

नई दिल्ली। दिल्ली में सिकिंग मॉडर्न ऐप्लीकेशन फॉर रीयल ट्रांसफार्मेशन (स्मार्ट एनजीओ) के तत्वावधान में लिंग आधारित हिंसा

विभिन्न क्षेत्रों से जुड़कर इस विषय पर कार्य करने वाले विशेष के रूप में उपस्थित थे और उन्होंने अपने अनुभव साझा कि रेडियो को इस दौरान 10-10 महीने के लिए 3 फेलो भी बिल

# Arpaa Radio द्वारा लेखक जयशंकर के कहानियों का संग्रह audio book के रूप में निर्मित


- लेखक जयशंकर के कहानियों का संग्रह audio book के रूप में उपलब्ध https://arpaaradio.com/?p=11480 लिंक पर सुनी जा सकती हैं उनकी 09 बेहतरीन कहानियाँ एक साथ।
- लेखक जयशंकरका जन्म 25 दिसम्बर, 1959 को नागपुर, महाराष्ट्र में हुआ। नागपुर विश्वविद्यालय से समाजशास्त्र में एम.ए. किया। भारतीय स्टेट बैंक में कार्यरत रहे फिर वहाँ से ऐच्छिक सेवानिवृत्ति ली।
- उनकी प्रकाशित रचनाएँ हैं- शोकगीत, मरुस्थल, लाल दीवारों का मकान, बारिश, ईश्वर और मृत्यु, चेम्बर म्यूजिक, बचपन की बारिश, प्रतिनिधि कहानियाँ (कहानी-संग्रह); गोधूलि की इबारतें (कथेतर गद्य)। जयशंकर की कहानियों के अनुवाअनुवाद मराठी, बांग्ला, मलयालम, अंग्रेज़ी और पोलिश में प्रकाशित उन्हें 'विजय वर्मा कथा सम्मान', 'श्रीकांत वर्मा स्मृति पुरस्कार"से सम्मानित किया जा चुका है।




## अरपा रेडियो श्रोता, रेडियो श्रोता दिवस पर अपनी फ़ोटो और कविताओं के साथ

सबको मुबारक हो रेडियो श्रोता दिवस 20अगस्त
गुंजे रेडियो की स्वर लहरी, हर घड़ी रात -दिन- दुपहरी ।
रेडियो नयी उमंग नया उत्साह लाये, किसी के हौसले कभी न हो पस्त ।
सबको मुबारक हो रेडियो श्रोता दिवस 20अगस्त
कभी चिट्ठी में फरमाईस, कभी फोनिन, sms मेल से आजमाईस।
रेडियो में सबका नाम गुंजता रहे और सब श्रोता मित्र रहें मस्त ।
सबको मुबारक हो रेडियो श्रोता दिवस 20अगस्त
रेडियो लाये जीवन में उजियारा, मिट जाये भेदभाव का अंधियारा ।
सुनकर रेडियो,कुरीति,नशापान,भ्रष्टाचार करो सब नष्ट,
सबको मुबारक हो रेडियो श्रोता दिवस 20अगस्त
रेडियो सिखाता प्रेम से सबको जोड़ना,बैर-भाव,दुश्मनी, नफरत सब तोड़ना ।
एक होकर रहेंगे सभी, बढ़ायेंगे सद्भावना । हर बुराई से लडेंगे जबरदस्त ।
सबको मुबारक हो रेडियो श्रोता दिवस 20अगस्त

शुभेच्छु राजेश कुमार बंजारे, मोहभट्ठा




## AUGUST 2023

2 अगस्त छत्तीसगढ़ वज़न त्यौहार

3 अगस्त - ऑडियो फ्रॉड साइबर अवेयरनेस

12 अगस्त से मेरी माटी मेरा देश कैंपेन आरंभ जो 25 अगस्त तक जारी रहा

14 अगस्त को बिलासपुर के अपोलो में कार्यरत पूर्व कारगिल युद्ध के दौरान ट्रैफिक कंट्रोल करने वाले आलोक सहाय से अरपा रेडियो की बातचीत

14 अगस्त को मेरी माटी मेरा देश के लिए अरपा रेडियो को पुरस्कार और सर्टिफिकेट प्राप्त

बिलासपुर अञ्चल के 25 स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों की सुनी अनसुनी कहानियाँ (ऑडियो बुक)

20 अगस्त को पद्मश्री फुलबासन यादव का सेमरताल में अरपा रेडियो द्वारा इवेंट का आयोजन जिसमें आसपास के पांच गांव की 125 महिलाओं के समक्ष स्वरोजगार के संदर्भ में एक सेमिनार का आयोजन।



# मेरी माटी मेरा देश कैंपेन

**इस वर्ष भी हम आज़ादी का उत्सव मनाते हुए अरपा रेडियो ने 13 से 15 अगस्त तक #HarGharTiranga अभियान में अपनी भागीदारी सुनिश्चित की और अपने हर श्रोता के घर पर तिरंगा फहराने की अपेल की साथ ही अपनी सेल्फी को www.harghartiranga.com पर अपलोड करने की अपील भी की।**

Meri Mati Mera Desh













# कारगिल युद्ध में air traffic संभालने वाले आलोक सहाय से अरपा रेडियो की बातचीत




# बिलासपुर अञ्चल के 25 स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों की सुनी अनसुनी कहानियाँ (ऑडियो बुक)






# पद्मश्री फुलबासन यादव अरपा कम्यूनिटी रेडियो में :

**अरपा रेडियो का एक और नया प्रयास।**
**पद्मश्री फूलबासन यादव के साथ जुड़कर बिलासपुर संभाग की महिलाओं को रोजगार देने का प्रयास।**

**औडियो अरपा रेडियो की वेबसाईट और यूट्यूब चैनल पर उपलब्ध।**
***साढ़े 8 लाख महिलाओं का मजबूत नेटवर्क।**
**'*बाजार, सबको रोज़गार' योजना से सबको जोड़ने का प्रयास**
**घर घर रोज़गार उपलब्ध करवाने की योजना से 6000 से 90000 रु तक कमा रही हैं महिलायें।**






## मोर बाजार, सबको रोजगार-300 उत्पाद बाजार में- फुलबासन

इवनिंग टाइम्स

**नारी सशक्तिकरण योजना के लिए अरपा रेडियो का आयोजन**

बिलासपुर 27 अगस्त। लिब्रा वेलफेयर सोसाइटी द्वारा संचालित अरपा कम्यूनिटी रेडियो ने सेंदरी, गतौरी, सेमरताल सेमरा, जलसो और रमतला गाँव की 25- 25 महिलाओं के साथ पिछले महीनों में «हिंसा को नो» कार्यक्रम का संचालन किया था। इन सभी महिलाओं के विकास और इनको रोजगार उपलब्ध करवाने के उद्देश्य से लिब्रा वेलफेयर सोसाइटी द्वारा संचालित अरपा कम्यूनिटी रेडियो ने पद्मश्री फुलबासन यादव को आमंत्रित किया।

परम तपस्वनी फुलबासन दीदी ने कल ग्राम सेमरताल में आकर इन महिलाओं से मुलाकात की और छत्तीसगढ़ के 33 जिलों में संचालित हो रहे 'मोर बाजार- सबको रोजगार' योजना की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि छत्तीसगढ़ की इस योजना में दूसरे प्रदेशों के लोग भी जुड़ने में रुचि दिखा रहे हैं। छत्तीसगढ़ में साढ़े 8 लाख महिलाओं के साथ काम कर रही श्रीमती फुलबासन यादव ने बिलासपुर संभाग की महिलाओं से भी इस योजना से जुड़ने का आह्वान किया। मोर बाजार में गाँव की महिलाओं के माध्यम से 300 उत्पाद बाजार में हैं, जिनमें शुद्ध घर के बनाए मसाले, बड़ी, बिजौरी, आचार खाने का सामान के अलावा धान के गहने, बांस के सामान, आयुर्वेदिक औषधियों की बनी दवाएं और भी बहुत कुछ शामिल है। पद्मश्री फुलबासन यादव का कहना है कि छत्तीसगढ़ से कच्चा सामान बाहर के प्रदेशों में जाता है और उत्पाद के रूप में महंगा होकर, मिलावट के साथ वापिस हमारे हाथों में आता है। अपने प्रदेश का पैसा यहीं के लोगों को रोजगार प्रदान कर सके, इसलिए गाँव के ब्रांड पर ये बाजार योजना आरंभ की गई है। जिसका लाभ हर जिले में महिलाओं को 6000 से 90000 रु तक हो रहा है। अरपा रेडियो द्वारा जल्द ही इन ग्रामों में निःशुल्क ट्रेनिंग उपलब्ध करवाई जाएगी। अरपा रेडियो संचालन समिति की तरफ से मंजू टंडन, रचिता देशपांडे, मातृका साहू, राजेश यादव वहाँ उपस्थित थे। कार्यक्रम में बिलासा कला मंच के संस्थापक व पिछड़ा वर्ग आयोग के पूर्व अध्यक्ष डा सोमनाथ यादव विशेष रूप से उपस्थित थे। इस अवसर पर डा सोमनाथ यादव ने इस योजना के माध्यम से ज्यादा से ज्यादा महिलाओं को जुड़ने और अपने पैरों पर खड़े होने के लिए आह्वान किया। तत्पश्चात ग्राम रमतला में महिलाओं की बैठक हुई जिसमें विजय यादव बिरकोना, जलसो के पूर्व सरपंच अनिल यादव, नरेश यादव सहित उपस्थित ग्रामवासियों ने भी अपने गाँव की महिलाओं को इस कार्यक्रम से जोड़ने का आश्वासन दिया है।



**सेमरताल की महिलाओं को किया जागरूक, निःशुल्क ट्रेनिंग दी जाएगी**

## 'मोर बाजार, सबको रोजगार' से जुड़कर बनें आत्मनिर्भर: फुलबासन

नवभारत रिपोर्टर । बिलासपुर।

लिब्रा वेलफेयर सोसाइटी द्वारा सेंदरी, गतौरी, सेमरताल सेमरा, जलसो और रमतरा गांव की 25- 25 महिलाओं के साथ पिछले महीनों में 'हिंसा को नो' कार्यक्रम का संचालन किया गया। महिलाओं के विकास और उन्हें रोजगार उपलब्ध करवाने के उद्देश्य से लिब्रा वेलफेयर सोसाइटी द्वारा पद्मश्री फुलबासन यादव को आमंत्रित किया।

पद्मश्री फुलबासन ने ग्राम सेमरताल में महिलाओं से मुलाकात की और छत्तीसगढ़ के 33 जिलों में संचालित हो रहे 'मोर बाजार: सबको रोजगार' योजना की जानकारी दी। छत्तीसगढ़ में साढ़े 8 लाख महिलाओं के साथ काम कर रही फुलबासन यादव ने बिलासपुर संभाग की महिलाओं से भी इस योजना से जुड़ने का आह्वान किया। बिलासा कला मंच के संस्थापक व पिछड़ा वर्ग आयोग के पूर्व अध्यक्ष डॉ. सोमनाथ यादव ने आह्वान किया। रमतला में महिलाओं की बैठक में विजय यादव बिरकोना, जलसो के पूर्व सरपंच अनिल यादव, नरेश यादव सहित उपस्थित ग्रामवासियों ने अपने गांव की महिलाओं को इस कार्यक्रम से जोड़ने का आश्वासन दिया।

**300 प्रोडक्ट बाजार में**

मोर बाजार में गांव की महिलाओं के माध्यम से 300 प्रोडक्ट बाजार में है। इनमें घर के बनाए शुद्ध मसाले, बड़ी, बिजौरी, आचार खाने का सामान के अलावा धान के गहने, बांस के सामान, आयुर्वेदिक औषधियों की बनी दवाएं और भी बहुत कुछ शामिल है। पद्मश्री फुलबासन यादव का कहना है कि छत्तीसगढ़ से कच्चा सामान बाहर के प्रदेशों में जाता है और उत्पाद के रूप में महंगा होकर, मिलावट के साथ वापिस हमारे हाथों में आता है। अपने प्रदेश का पैसा यहीं के लोगों को रोजगार प्रदान कर सके, इसलिए गांव के ब्रांड पर ये बाजार योजना आरंभ की गई है। इसका लाभ हर जिले में महिलाओं को 6000 से 90000 रु तक हो रहा है। कार्यक्रम में मंजू टंडन, रचिता देशपांडे, मातृका साहू, राजेश यादव उपस्थित थे।

# सेमरताल में अरपा रेडियो द्वारा इवेंट का आयोजन जिसमें आसपास के पांच गांव की 125 महिलाओं के समक्ष स्वरोजगार के संदर्भ में एक सेमिनारका आयोजन



Co.








Co.

Co.

## SEPTEMBER 2023

**15 सितंबर इंजीनियर डे और अंतरराष्ट्रीय लोकतंत्र दिवस**
**15 सितंबर छत्तीसगढ़ की स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों पर आधारित एक ऑडियो बुक का विमोचन**
**17 अगस्त विश्व रोगी सुरक्षा दिवस**
**18 सितंबर हेलो अरपा रेडियो कार्यक्रम का शुभारंभ**
**27 सितंबर विश्व पर्यटन दिवस महिला स्वास्थ्य और फिटनेस दिवस**
**राजा राममोहन राय पर आधारित विशेष कार्यक्रम**





# ज्ञान और जागरूकता संदेशों के साथ अरपा रेडियो पर समसामायिक कार्यक्रमों का निर्माण व प्रसारण













## OCTOBER 2023

**1 अक्टूबर वृद्ध दिवस कल्याण आश्रम में अरपा रेडियो द्वारा एक इवेंट का आयोजन**

**13 अक्टूबर अनीश के संग मितान मन के पसंद कार्यक्रम की दूसरी पारी आरंभ**

**16 अक्टूबर गजर- बिलासपुर की आवाज़, नए कार्यक्रम का शुभारंभ प्रस्तुतकर्ता अलंकृता मिश्रा**

**16 अक्टूबर विश्व खाद्य दिवस**

**19 अक्टूबर एक कदम रोशनी की ओर कैंसर रोगियों से साक्षात्कार की विशेष श्रृंखला आरंभ 21 अक्टूबर से मोहम्मद रफी पर आधारित 10 अंकों की विशेष श्रृंखला**

**24 अक्टूबर को कैंसर के प्रति जागरूकता अपना घर एक विशेष पर चर्चा का प्रयोजन और प्रसारण**

**27 अक्टूबर विधानसभा चुनाव से संबंधित चुनाव जागरूकता का आरंभ**






# कल्याण कुंज में वृद्ध दिवस पर महिलाओं और पुरुषों को खेल खिलाए गए व उनकी पसंद के व्यंजन खिलाए गए।

Co.





Co.






# श्रोताओं के बीच सबसे लोकप्रिय कार्यक्रम 'अनीश के संग मितान मन के पसंद' की दूसरी पारी शुरू हुई।







## 'अनीश के संग मितान मन के पसंद' के ऐंकर की कैंसर के साथ जंग के बाद उनकी भी दूसरी पारी शुरू हुई।

**मेरे जीवन का सफ़रनामा ..... CRA ( COMMUNITY RADIO ASSOCIATION) के द्वारा प्रकाशित NEWSLETTER के पहले ही अंक में मेरी ये उपलब्धि आप सभी श्रोताओं को...दोस्तो को .....मुझे चाहने वालो को....कठिन समय मे मेरा साथ देने वालो को और मेरे परिवार को समर्पितसाथ ही इस योग्य बनाने और इस योग्य समझने के लिए संज्ञा टंडन भाभी का दिल से आभार**



7 | 08 March, 2024 | Various | CRA

# रेडियो की फ्रीक्वेंसी से जिंदगी की फ्रीक्वेंसी तक

'अनीश के संग मितानमन के पसंद' में मै छत्तीसगढ़ी गानों को श्रोताओं की पसंद मे सुनवाता हू। इस कार्यक्रम के लिए मुझे देश से ही नहीं बल्कि विदेशो से भी फरमाइश मिलती है जैसे बांग्लादेश, नेपाल, यूएसए, इस कार्यक्रम की प्रस्तुति के लिए श्रोता के द्वारा मेरा नाम गोल्डन बुक ऑफ रिकॉर्ड के लिए भेजे जाने की तैयारी है...

मैं अरपा कम्युनिटी रेडियो 90.8 FM से अनीश कुमार श्रीवास, बिलासपुर, छत्तीसगढ़ का रहने वाला हूं। B A बात करूं, साथ ही मैंने L.L.B भी किया है, मैं रेडियो से 2013 में जुड़ा जब आकाशवाणी बिलासपुर में मेरा चयन आकस्मिक उद्घोषक के रूप में हुआ।

अरपा कम्युनिटी रेडियो 90.8 FM से मैं 2020 से जुड़ा हूं। अरपा रेडियो में मैं छत्तीसगढ़ी और हिंदी के कार्यक्रम पेश करता हूं। मेरे 2 सिग्नेचर प्रोग्राम है 'अनीश के संग मितानमन के पसंद' और दूसरा कार्यक्रम है सप्ताह के श्रोता कार्यक्रम।

'अनीश के संग मितानमन के पसंद' में मैं छत्तीसगढ़ी गानों को श्रोताओं की पसंद में सुनवाता हूं। इस कार्यक्रम के लिए मुझे देश से ही नहीं बल्कि विदेशों से भी फरमाइश मिलती है जैसे बांग्लादेश, नेपाल, यूएसए, इस कार्यक्रम की प्रस्तुति के लिए श्रोता के द्वारा मेरा नाम गोल्डन बुक ऑफ रिकॉर्ड के लिए भेजे जाने की तैयारी है... क्योंकि मैं इस कार्यक्रम में एक भी फरमाइशी नाम नहीं छोड़ता हूं... इस बात का अंदाजा आप इसी बात से लगा सकते है कि एक बार तो मैं एक गीत की फरमाइश के लिए आये श्रोताओं का नाम शामिल किया तो 42 मिनट तक सिर्फ पसन्दकर्ताओं के नाम ही पढ़ता रहा जिसमें लगभग 1100 श्रोताओं के नाम थे। मेरे इस कार्यक्रम के प्रति श्रोताओं की ऐसी दीवानगी है कि विगत कुछ समय पहले मैंने अपने इस कार्यक्रम से कुछ समय के लिए ब्रेक लिया तो

अनीश कुमार श्रीवास
अरपा कम्युनिटी रेडियो
90.8 FM

श्रोताओं ने मुझे इतना इमोशनल कर दिया कि फिर से कार्यक्रम को शुरू कर ना पड़ा। आपको एक बात ये भी बताना चाहूंगा कि श्रोताओं का ही प्यार है जो मैं आज जिंदा हूं और ये मैं इसलिए कह रहा हूं क्योंकि मैं एक कैंसर सर्वाइवर हूं और इसी कारण मैंने अपने प्रोग्राम से ब्रेक लिया था और ये बात जब श्रोताओं को पता चली तो उनके इमोशनल मैसेज और दुआओं ने मेरा साहस कम नहीं होने दिया और वे साथ ही मेरे कीमो और रेडिएशन थेरेपी के समय मुझसे लगातार जुड़े रहे और मेरा मनोबल बढ़ाये रखा जिससे मुझे कैंसर से लड़ने में बहुत ही मदद मिली। मेरे परिवार ने जितना मेरा साथ दिया है उतना ही मेरे श्रोताओं ने भी मेरा साथ दिया है।

इसके साथ-साथ मे बताना चाहता हूं कि मुझे खाना पकाने का बड़ा शौक है और मैं एक थियेटर ग्रुप 'अग्रज नाट्य दल' का अध्यक्षहूं। चूंकि आवाज थोड़ी ठीक-ठाक है इसलिए गा भी लेता हू.. और विगत17 वर्षों से रंगमंच पे सक्रिय हूं और दूरदर्शन, नाबार्ड और आरबीआई के लिए भी कुछ लघु फिल्मों में अभिनय का अनुभव है। मैं रेडियो के माध्यम से अपने छत्तीसगढ़ के कल्चर को, खानपान को लोगों तक पहुंचाने का प्रयास करता हू, चूंकि हम ऐसे रेडियो से जुड़े है जो एक समुदाय के लिए प्रसारण पर फोकस करती है इसलिए मेरा प्रयास ये भी रहता है कि मैं अपनी बात उन तक पहुंचा सकूं जिन के लिए हम इस रेडियो से जुड़े है।

**March 2024 — MAJOR DAY CALENDER**

| | |
|---|---|
| 12 March | Mauritius Day |
| 15 March | World Consumer Day |
| 16 March | National Vaccination Day |




## NOVEMBER 2023

- 1 नवंबर छत्तीसगढ़ राज्योत्सव पर विशेष प्रस्तुति
- 10 नवंबर कैंसर योद्धाओं की संस्था स्पंदन की महिलाओं द्वारा एक विशेष परिचर्चा
- 22 नवंबर -योगा डे जून में हुए योग कैंपेन के कार्यक्रमों के लिए Commonwealth Educational Media Centre For Asia (CEMCA) द्वारा 20 देश के 20 वीडियो चयनित कर पुरस्कृत किए गए इसके लिए अरपा रेडियो को 22 नवंबर को यूनेस्को भवन दिल्ली में सम्मानित किया गया।



# देश के 20 रेडियो पुरस्कृत अरपा रेडियो भी शामिल



CG WALL

होम मध्यप्रदेश हमार छत्तीसगढ़ इंडिया वाल एक मुलाकात खेल धर्म आपणो राजस्थान मेरी नज़र में... संपादकीय

Live Now

Home » इंडिया वाल » अरपा रेडियो को दिल्ली में मिला यूनेस्को सम्मान

इंडिया वाल

## अरपा रेडियो को दिल्ली में मिला यूनेस्को सम्मान

Chief Editor 12 Mins Ago 0 1 Min

नई दिल्ली। दिल्ली के यूनेस्को भवन में CEMCA और UNESCO का कम्युनिटी रेडियो एक्सीलेंस और कम्युनिटी मीडिया चैलेंज का भव्य कार्यक्रम संपन्न हुआ। आयुष मंत्रालय द्वारा देश के 250 कम्युनिटी रेडियो के साथ योगा से जुड़े कार्यक्रम किए गए थे। जिनमें से 20 रेडियो को पुरस्कृत किया गया। छत्तीसगढ़ में लोकप्रिय Arpaa Radio को innovative communication practices के लिए सम्मानित किया गया। यह सम्मान संध्या टंडन ने प्राप्त किया। इस अवसर पर विक्रम सिंह निदेशक आयुष मंत्रालय, हेजिकिल दामिनी सलाहकार यूनेस्को, डॉ. बी शेडरेक डायरेक्टर सेमका और गौरी शंकर केसरवानी डायरेक्टर सूचना एवं प्रसारण मंच पर अतिथि के रूप में उपस्थित थे।

Join WhatsApp Group Join Now

कम्युनिटी रेडियो या समुदायिक रेडियो वो रेडियो होते हैं, जो समुदाय में जागरूकता लाने के लिए और समुदाय द्वारा ही चलाया जाने वाला रेडियो होता है। शिक्षण संस्थाओं और गैर सरकारी संगठनों को केंद्रीय सूचना और प्रसारण मंत्रालय द्वारा प्रदान किए जाने वाले इन रेडियो में सिर्फ 50 वॉट का ट्रांसमीटर होता है। इसलिए ये 15 से 20 किलोमीटर की परिधि में ही सुनाई देते हैं। और इस क्षेत्र के समुदायों के साथ काम करते हैं, जागरूक करते हैं। देश में करीब 450 ऐसे रेडियो हैं। छत्तीसगढ़ में 13 और बिलासपुर में दो. सी वी रमन विश्वविद्यालय का रमन रेडियो 90.4 और लिब्रा वेलफेयर सोसाइटी द्वारा संचालित किया जा रहा अरपा रेडियो 90.8।

अरपा रेडियो, आपका अपना रेडियो टैग लाइन के साथ रेडियो के साथ ही अपने app aur website पर भी वेब रेडियो के रूप में सुनाई देता है। 10 घंटे का प्रसारण कर रहा है। देश के करीब 250 स्थानों से इसके कार्यक्रमों के लिए फरमाइश आती है। बिलासपुर और छत्तीसगढ़ की कला, संस्कृति, लोक संगीत देश दुनिया में इस रेडियो के माध्यम से सुनवाए जा रहे हैं। एप में संग्रहित कार्यक्रम और ऑडियो किताबें भी सुनी जा सकती हैं। इस रेडियो ने पिछले तीन सालों में देश भर में अपनी पहचान बना ली है। ब्रॉडकास्ट के साथ ही नैरोकास्टिंग भी की जा रही है। घरेलू हिंसा, स्वास्थ्य जागरूकता, टी बी चैलेंज आदि प्रोजेक्ट्स में रेडियो से जुड़े लोग गांव और आसपास के लोगों से व्यक्तिगत रूप से मिलकर जानकारी दे रहे हैं। उनकी आवाज में रेडियो कार्यक्रम प्रसारित किए जाते हैं।









इवनिंग टाइम्स


# अरपा रेडियो को यूनेस्को द्वारा सम्मान

*बिलासपुर। अरपा रेडियो को इनोवेटिव कम्युनिकेशन के लिए यूनेस्को द्वारा सम्मानित किया गया। दिल्ली में आयोजित एक समारोह में आज ये सम्मान संध्या टंडन ने प्राप्त किया इसमें विक्रम सिंह, निदेशक आयुष मंत्रालय, हेज़ीकील दमीनी, सलाहकार यूनेस्को, डॉ. बी. शेड्रेक, डायरेक्टर सेमका, गौरीशंकर केसरवानी, डायरेक्टर सूचना एवं प्रसारण अतिथि के रूप में उपस्थित थे।*

कम्युनिटी रेडियो या सामुदायिक रेडियो वो रेडियो होते है जो समुदाय में जागरूकता लाने के लिए और समुदाय द्वारा ही चलाया जाने वाला रेडियो होता है। शिक्षण संस्थाओं और गैर सरकारी संगठनों को केंद्रीय सूचना और प्रसारण मंत्रालय द्वारा प्रदान किए जाने वाले इन रेडियो में सिर्फ 50 वॉट का ट्रांसमीटर होता है, इसलिए ये 15 से 20 किलोमीटर की परिधि में ही सुनाई देते हैं। और इस क्षेत्र के समुदायों के साथ काम करते हैं, जागरूक करते हैं। देश में करीब 450 ऐसे रेडियो है। छत्तीसगढ़ में 13 और बिलासपुर में दो। लिब्रा वेलफेयर सोसाइटी द्वारा संचालित किया जा रहा अरपा रेडियो 90.8। अरपा रेडियो, आपका अपना रेडियो टैग लाइन के साथ रेडियो के साथ ही अपने एप और वैबसाइट पर भी वेब रेडियो के रूप में सुनाई देता है। यह 10 घंटे का प्रसारण कर रहा है। देश के करीब 250 स्थानों से इसके कार्यक्रमों के लिए फरमाइश आती है। बिलासपुर और छत्तीसगढ़ की कला, संस्कृति, लोक संगीत देश दुनिया में इस रेडियो के माध्यम से सुनवाए जा रहे है। एप में संग्रहित कार्यक्रम और ऑडियो किताबें भी सुनी जा सकती है। इस रेडियो ने पिछले तीन सालों में देश भर में अपनी पहचान बना ली है। ब्रॉडकास्ट के साथ ही नैरोकास्टिंग भी की जा रही है। घरेलू हिंसा, स्वास्थ्य जागरूकता, टी बी चैलेंज आदि प्रोजेक्ट्स में रेडियो से जुड़े लोग गांव और आसपास के लोगों से व्यक्तिगत रूप से मिलकर जानकारी दे रहे है। उनकी आवाज में रेडियो कार्यक्रम प्रसारित किए जाते है। सेमका और यूनेस्को का कम्युनिटी रेडियो एक्सीलेंस और कम्युनिटी मीडिया चैलेंज का दिल्ली में भव्य कार्यक्रम आज यूनेस्को भवन में संपन्न हुआ। आयुष मंत्रालय द्वारा देश के 250 कम्युनिटी रेडियो के साथ योगा से जुड़े कार्यक्रम किए थे। जिनमें से 20 रेडियो को पुरस्कृत किया गया। अरपा रेडियो को इनोवेटिव कम्युनिकेशन के लिए सम्मानित किया गया। अरपा रेडियो की प्रमुख संध्या टंडन ने सम्मान पत्र ग्रहण किया।

## मतगणना स्थल सहित नगर पालिका क्षेत्र में शुष्क दिवस घोषित

कांकेर। कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी डॉ. प्रियंका शुक्ला द्वारा विधानसभा आम निर्वाचन-2023 के तहत मतगणना हेतु नियत तिथि 03 दिसंबर दिन रविवार की तिथि तय की गई है। कलेक्टर एवं जिला दंडाधिकारी डॉ. प्रियंका शुक्ला ने संशोधित आदेश जारी कर उक्त तिथि को मतगणना स्थल क्षेत्र एवं नगर पालिका क्षेत्र कांकेर में स्थित देशी और विदेशी मदिरा दुकान कांकेर की फुटकर दुकानें एवं एफएल. 4 (क) व्यावसायिक क्लब होटल पैलेस कांकेर को सम्पूर्ण दिवस बंद रखने हेतु शुष्क दिवस घोषित किया है। मतदान अवधि पर उक्त क्षेत्र में मदिरा का सम्पूर्ण संव्यवहार प्रतिबंधित रहेगा।




## DECEMBER 2023

- 1 दिसंबर एड्स डे पर जागृति सिंह की विशेष वार्ता
- 1 दिसंबर हर शुक्रवार 15 एपिसोड की श्रृंखला नवा बिहान का आरंभ
- 2 दिसंबर से रचिता देशपांडे द्वारा करियर गाइडलाइंस पर आधारित कार्यक्रम आरंभ
- नवा छत्तीसगढ़ के सफल कहानियाँ



# छत्तीसगढ़ में सफलता की कहानियाँ































## JANUARY 2024

- 1 जनवरी नव वर्ष पर विशेष कार्यक्रम प्रस्तुति श्रोताओं के संदेशों के साथ
- 3 जनवरी को हिंसा को ना के लिए बने समूह को एक साथ स्मृति वन में स्वरोजगार से संबंधित ट्रेनिंग दी गई और अरपा संगिनी ग्रुप बनाने की कोशिश आरंभ की गई
- 15 जनवरी - देश के 150 कवियों की लिखी कविताएं 50 आवाजों के साथ एक ऑडियो किताब श्रुति पुस्तक के रूप में विमोचित की गई
- 20 जनवरी - छत्तीसगढ़ व्यंजन मेल सीएमडी कॉलेज में अरपा संगिनी द्वारा छत्तीसगढ़ी व्यंजनों और ऑर्गनिक मसाले का विक्रय करके अरपा संगिनी कार्यक्रम का काम शुरू किया गया
- 25 जनवरी -देश के एकमात्र जनजातीय विश्वविद्यालय अमरकंटक के तीन छात्रों की इंटर्नशिप समाप्त हुई






**देश के 150 कवियों की लिखी कविताएं अरपा रेडियो से जुड़े हुए 50 कलाकारों आवाजों के साथ एक ऑडियो किताब श्रुति पुस्तक के रूप में विमोचित की गई**



# ‘हिंसा को नो’ प्रोजेक्ट के लिए बने - महिलाओं के 4 समूहों को एक साथ स्मृति वन में स्वरोजगार से संबंधित ट्रेनिंग दी गई और अरपा संगिनी ग्रुप बनाने की कोशिश आरंभ की गई



Co.

Co.

Co.







# छत्तीसगढ़ व्यंजन मेल सीएमडी कॉलेज में अरपा संगिनी द्वारा छत्तीसगढ़ी व्यंजनों और ऑर्गनिक मसाले का विक्रय करके अरपा संगिनी कार्यक्रम का काम शुरू किया गया










**अरपा सामुदायिक रेडियो, बिलासपुर**
**लिब्रा वेलफेयर सोसायटी द्वारा संचालित .**

समुदाय के साथ रूबरू होकर-जुड़कर जनचेतना, जनजागरूकता, जनसेवा को मुख्य उद्देश्य बनाकर लिब्रा वेलफेयर सोसायटी ने अरपा रेडियो के माध्यम से यूनिसेफ, आयुष मंत्रालय, शिक्षा, नेत्रहीन बच्चों के पाठ्यक्रम, CEMCA, यूनेस्को, SMART NGO, महिला एवं बाल विकास, ऑडियो बुक्स, केंद्र व राज्य सरकार की योजनाओं से जुड़े अनेक कार्यक्रमों को अंजाम दिया, प्रसारण और नेरोकास्टिंग की।

**एक नवाचार : अरपा संगिनी**
अरपा रेडियो ने आत्मनिर्भरता की चाह रखने वाली अपने समुदाय की 200 से अधिक प्रतिभावान उन महिलाओं को अपना सहकर्मी, सहभागी, सहयोगी बनाया। आज इन्हें आपसे सहयोग की अपेक्षा है।

अरपा संगिनी के सदस्यों द्वारा निर्मित उत्पाद :
पूर्ण ऑर्गेनिक मसाले : धनिया, मिर्च, हल्दी, गर्म मसाला
अर्पित पुष्पों से निर्मित हर्बल अगरबत्ती
घरेलू उत्पाद : बड़ी, पापड़, अचार, बिजौरी, मुरकू, मंचूरियन मसाला आदि।

आपके सुझाव हमें नए उत्पाद एवं उत्पादों की बेहतर गुणवत्ता के लिए प्रेरित करेंगे।

# देश के एकमात्र जनजातीय विश्वविद्यालय अमरकंटक के तीन छात्रों की इंटर्नशिप समाप्त हुई




Arpaa Radio टीम के साथ Indira Gandhi National Tribal University अमरकंटक के पत्रकारिता के छात्र। @Anushka Anand @Pragati Kumari और @Aditya बिहार के ये तीनों छात्र पिछले दिनों अरपा रेडियो में इंटर्नशिप करने आए हुए थे, जिन्हें Scripting, Voice Modulation, Recording, Editing, Field reporting, Community radio working documentation & प्रोग्राम production आदि प्रैक्टिकल रूप में सिखाया गया साथ ही Lokvani Radio Patan visit भी करवाया गया।









## FEBURARY 2024

- 1 फरवरी - गायक मुकेश पर 10 अंकों की विशेष श्रृंखला का आरंभ
- 6 फरवरी को जिओ सावन में अरपा रेडियो की 'अपनी हिंदी सुधारे' कार्यक्रम को स्पाट्लाइट के रूप में नंबर वन पर रखा गया
- 13 फरवरी को रेडियो फेस्टिवल के अवसर पर भुवनेश्वर में आयोजित कार्यक्रम में अरपा रेडियो के अनीश श्रीवास शामिल हुए और दिल्ली में आयोजित रेडियो फेस्टिवल और हिंसा को नौकरी वर्कशॉप के लिए संज्ञा टंडन, मातृका साहू, अलंकृता मिश्रा और आकांक्षा ठाकुर दिल्ली के कार्यक्रम में शामिल हुई
- 24 फरवरी को वीडियो पॉडकास्ट का आरंभ जिसमें छत्तीसगढ़ के शिक्षकों की समस्याओं पर आधारित पॉडकास्ट विवेक दुबे के साथ प्रसारित किया गया
- 27 फरवरी ट्रैफिक जागरूकता के लिए ट्रैफिक सब इंस्पेक्टर उमाशंकर पांडे से बातचीत का प्रसारण किया गया
- 27 फरवरी को वर्ल्ड एनजीओ के लिए विशेष कार्यक्रम की प्रस्तुति की



- विश्व रेडियो दिवस पर छत्तीसगढ़ के 14 कम्यूनिटी रेडियो में से 5 रेडियो दिल्ली के कार्यक्रम में शामिल हुए।
- Arpaa Radio Bilaspur
- Radio Raman 90.4 FM  Ganiyari, Bilaspur
- Radio Sahyogi 91.2FM Thanod, Durg
- Lokvani Community Radio Patan,
- Durg Dhoom Radio, Raigadh

देश भर के अनेक राज्यों से आए लगभग 70 सामुदायिक रेडियो के प्रतिनिधियों ने इस आयोजन में हिस्सा लिया। सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय से Secretary, Additional Secretary, Prasar Bharti Akashvani Director General, ADG's, PEX's Commercial Radios के Heads & Rjs आदि बहुत से Radio से जुड़े लोग उपस्थित थे। इस कार्यक्रम का आयोजन Seeking Modern Applications for Real Transformation - SMART ने करवाया था।










- **100 years on air, Keep it Loud और 20 years of CR Unmuted**
- # 13 जनवरी को विश्व रेडियो दिवस 2024 के मौके पर, दिल्ली में Seeking Modern Applications for Real Transformation - SMART द्वारा रेडियो उत्सव का आयोजन किया गया। एक सामुदायिक रेडियो के तौर पर अरपा रेडियो से चार प्रतिनिधि संज्ञा टंडन, आकांक्षा ठाकुर, मातृका और अलन्कृता मिश्रा भी इस रेडियो उत्सव का हिस्सा रहे। नई दिल्ली स्थित India International Centre में इस उत्सव का आयोजन हुआ जिसमें विश्व में रेडियो के 100 साल और सामुदायिक रेडियो के 20 साल का जश्न मनाया गया।
- # जश्न की शुरुआत हुई सारंग म्यूज़िक सोसाइटी की संगीतमय प्रस्तुति से।
- # इसके बाद उद्घाटन सत्र की शुरुआत स्मार्ट की फाउंडर अर्चना कपूर के स्वागत संदेश से हुई, जिसमें उन्होंने महामहिम राष्ट्रपति द्वारा सामुदायिक रेडियो को दिये गये संदेश के बारे में बताया। इस सत्र में युनेस्को के डायरेक्टर श्री टिमोथी कर्टिस, CEMCA के डायरेक्टर डॉ बी शाद्राच, All India Radio की डायरेक्टर जनरल वसुधा गुप्ता और सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय की एडिशनल सेक्रेटरी नीरजा शेखर सभी ने रेडिओ से जुड़े अपने विचार साझा किये। सूचना एवं प्रसारण मंत्रालाय के सचिव श्री संजय जाजू ने चेन्नई में आयोजित अन्य रेडियो उत्सव में सूचना एवं प्रसारण मंत्री श्री अनुराग ठाकुर द्वारा सामुदायिक रेडियो के लिये की गयी घोषणा के बारे में सभी को जानकारी दी।
- # अगला सत्र था रेडियो का सफ़र, जिसका सन्चालन किया देश के जाने माने स्पोर्ट्स कमेंटेटर श्री पंकज आठवाले ने और उनके साथ पैनल में शामिल थे आरती जयमन, स्टेशन डायरेक्टर गुड़गांव की आवाज, बीबीसी हिंदी में रेडियो जर्नलिस्ट रह चुके श्री मधुकर उपाध्याय, पॉडकास्टर मेहर ए आलम खान और रेडियो मिर्ची के प्रोग्रामिंग ऑफिसर श्री तापस सेन। जब से रेडिओ की शुरुआत हुई रेडियो में कैसे कैसे बदलाव देखने-सुनने को मिले, कैसे रेडिओ ने अलग अलग क्षेत्र से जुड़े कलाकरों को एक मन्च प्रदान किया, आधुनिक रेडिओ और भविष्य के रेडिओ के बारे में बहुत ही रोचक बातचीत सुनने को मिली इस पैनल में।
- # इसी बातचीत को बढ़ाता हुआ अगला पैनल था जिसमें इन 100 वर्षों में रेडियो में महिला भागीदारी पर रोशनी डाली गई। संचालन किया गया स्वतंत्र मीडिया जर्नलिस्ट स्मिता शर्मा ने और पैनल में शामिल थे बिसनेस वर्ल्ड के चेयरमैन और चीफ एडिटर श्री अनुराग बत्रा , रेड एफएम और मैजिक एफएम की डायरेक्टर सुश्री निशा नारायणन, ऑल इंडिया रेडियो की सुश्री गुंजन प्रिया और ABU की रेडियो हेड ऑलिया बूयार।
- # अगला पैनल Casting a spell with words, शानदार लोगों के साथ लेखिका और आलोचक सुश्री रक्षंदा जलील, रेडियो जर्नलिस्ट-निर्माता-कलाकार-निर्देशक सुश्री रमा पांडे, ऑल इंडिया रेडियो की प्रोग्रामिंग हेड रह चुकी सुश्री रितु राजपूत और संचालन कर रहे थे वेटरन थिएटर आर्टिस्ट श्री सलीम आरिफ। बहुत ही शानदार पैनल जिसमें बातचीत हुई कि भाषा की सही समझ कैसे जीवन को शानदार बना देती है, शब्द और उन शब्दों की अदायगी का अन्दाज़ साधारण बात को कैसे प्रभावित करती है।
- # देश भर के अलग अलग कमर्शियल रेडिओ के RJs के साथ बैठा अगला पैनल जिसमें थे फीवर एफएम कोलकाता के RJ अरविंद, रेडियो मिर्ची के RJ कृतार्थ जानी, रेड एफएम कश्मीर के RJ रफीक, माय एफएम जोधपुर के RJ रेक्स, रेडियो सिटी दिल्ली के RJ यूवि, ऑल इंडिया रेडियो से प्रीति और इस पैनल का संचालन कर रहे थे डीपीएस रेडियो, कश्मीर के RJ नासिर।
- # और यह कार्यक्रम समाप्त हुआ आखिरी पैनल देश भर के अलग-अलग सामुदायिक रेडियो से जुड़े उपस्थित के साथ खेला गया गेम जस्ट अ मिनट (JAM) जिसका संचालन कर रहे थे रेडियो मिर्ची कश्मीर के RJ वृजदान।
- # 100 years on air, Keep it Loud और 20 years of CR Unmuted जैसे रोचक स्लोगन के साथ, पूरे देश अलग अलग प्रकार के रेडियो और उनकी बातों को समेटता ये रेडियो उत्सव। पूरे कार्यक्रम का संचालन किया आस्था और सोमी ने।

# विश्व रेडियो दिवस पर देश में आयोजित अनेक कार्यक्रमों में से दूसरा कार्यक्रम भुवनेश्वर में आयोजित हुआ था, जिसमें Arpaa Radio Bilaspur का प्रतिनिधित्व अनीश श्रीवास ने किया

















# अरपा रेडियो की टीम पहुची दिल्ली

स्मार्ट एनजीओ द्वार भारत के 13 सामुदायिक रेडियो को Hinsa ko No प्रोजेक्ट के लिए चुना गया है और उनसे एक है आपका अपना अरपा रेडियो, अरपा रेडियो की टीम इस प्रोजेक्ट पर पाँच माहिनों से लगी हुई है । इस प्रोजेक्ट के लिए अरपा रेडियो के साथियों ने 20-20 महिलाओं के चार समूह बनाए हैं जिनसे वह हर हफ्ते मिलते हैं और बातचीत करते हैं . इस प्रोजेक्ट की समीक्षा के लिए दिल्ली में वर्कशॉप राखी गई थी जहां पहुंचकर अरपा रेडियो की टीम ने अपनी शानदार प्रस्तुति दी, टीम में मातृका, अलंकृता मिश्रा और आकांक्षा ठाकुर ने प्रतिनिधित्व किया।



भारत के जो 13 रेडियो इस प्रोजेक्ट में शामिल है
रेडियो अरपा (बिलासपुर )
रेडियो लोकवाणी (दुर्ग)
रेडियो वक्त की आवाज (कानपुर देहात)
रेडियो नमस्कार (ओडिसा)
रेडियो संपर्क (ओडिसा)
रेडियो हीराखंड (ओडिसा)
रेडियो मेवात (हरियाणा)
रेडियो सहयोगी (दुर्ग)
रेडियो रिमझिम (बिहार)
रेडियो विश्वास (महाराष्ट्र)
रेडियो केवीके प्रवर शिरडी (महाराष्ट्र)
रेडियो स्नेही (सीवान बिहार)
रेडियो मधुबन (राजस्थान)
समीक्षा बैठक के दौरान पता चला कि किस तरह से सारी रेडियो टीमें नये नये प्रयास कर रही है
रेडियो मेवात की टीम से मुलाकात के दौरान पता चला की वो इस प्रोजेक्ट पर 52 ग्रुप के साथ काम कर रहे है जिसमें से 2 पुरूषों के ग्रुप है।
रेडियो लोकवाणी ने बताया कि वो महिलाओ को डिलीवरी के बाद की समस्या और देखभाल के बारे में महिलाओ को सुचित किया
इसके साथ ही रेडियो मधुबन और वक्त की आवाज भी 1-1 शुद्ध ग्रुप है
ऐसी ही सभी रेडियो टीम नए तरीकों से महिलाओं के लिए काम कर रही है
इस मीटिंग के दौरान देश के अलग-अलग रेडियो से मिलने का मौका मिला और उनके क्षेत्रों में हो रही हिंसा के बारे में पता चला





## Arpaa Radio का वीडियो पॉडकास्ट का आरंभ

- छत्तीसगढ़ के शिक्षकों की समस्याओं पर आधारित पॉडकास्ट विवेक दुबे के साथ प्रसारित किया गया
- ट्रैफिक जागरूकता के लिए ट्रैफिक इंस्पेक्टर उमाशंकर पांडे और ट्राफिक इन्स्पेक्टर डॉ. नीरज पांडे से बातचीत का प्रसारण किया गया














**चन्द्रकान्ता धारावाहिक में क्रूर सिंह के किरदार से अपनी पहचान बनाकर लगान...रेडी...सरफरोश...गंगाजल....फ़िदा,,,वीरजारा....दिल्ली 6,,,,,भूत अंकल ... काबिल...अपहरण जैसे ढेर सारी बड़ी बजट के फिल्मों में अपने अभिनय की छाप छोड़ने वाले अभिनेता अखिलेन्द्र मिश्रा जी के साथ मुलाकात और बातचीत**

**अरपा रेडियो के लिए सुनील चिपड़े द्वारा लिया गया इनके साथ साक्षात्कार**








## MARCH 2024

- शहर के युवा महिलाओं को सम्मानित करने के क्रम में इस साल भी नव्या सम्मान प्रदान किए गए और इन लोगों के वीडियो पॉडकास्ट भी बनाए गए जिनका प्रसारण 6 मार्च से 12 मार्च तक किया गया
- 8 मार्च - महिला दिवस के अवसर पर अरपा रेडियो से जुड़ी मीनू सिंह का सम्मान कोरबा में किया गया
- 8 मार्च - इसी दिन महिला दिवस पर अरपा रेडियो द्वारा विशेष आयोजन किया गया और ज़ी न्यूज़ में भी रेडियो की इस दिन सहभागिता रही
- 8 मार्च - कम्युनिटी रेडियो संगठन दिल्ली द्वारा देश भर के कम्युनिटी रेडियो उसके लिए एक न्यूज लेटर का आरंभ किया गया जिसमें अर्पण रेडियो की सहभागिता लगातार रही
- 11 मार्च - प्रसिद्ध फिल्म - कलाकार अखिलेंद्र से सुनील चिपड़े का वीडियो पॉडकास्ट तैयार किया गया
- होली के पहले 18 मार्च से गोकाष्ट जागरूकता के लिए विशेष प्रसारण किए गए
- 25 मार्च को होली पर विशेष कार्यक्रम का प्रसारण किया गया
- 30 मार्च को पद्मश्री फुलबासन यादव स्टूडियो में आईं और उनका साक्षात्कार लिया गया



**Celebrating 3 beautiful years of Arpaa Radio. Padmashree Awardee Smt. Phulbasan Bai Yadav visited the radio station a day before the foundation day, looking forward to work together. Arpaa Radio feels so grateful to all the listeners for their love and support.**

**#foundation #day #communityradio #radio #3yearsoffoundation**











